# उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001
हेल्पलाइन नम्बर : 8400955546, +91–9151024463
Website:www.upsmfac.org Email:upmedicalfaculty@upsmfac.org

पत्रांक संख्या–6014/26 दिनांक–06.08.26

अनुस्मारक–1
**अति आवश्यक/महत्वपूर्ण/समयबद्ध**

सेवा में,

**प्रधानाचार्य/प्रबन्धक,**
समस्त नर्सिंग व सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख–रेख (पैरामेडिकल), प्रशिक्षण संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

**विषय–सितम्बर/अक्टूबर–2026 की परीक्षा हेतु बैंक ड्राफ्ट द्वारा परीक्षा शुल्क दिनांक 04.08.2026 से 10.08.2026 तक जमा किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक इस कार्यालय के पत्र संख्या–5895/26 दिनांक 03.08.2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके क्रम में पुनः सूचित करना है कतिपय प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा अर्ह छात्र/छात्राओं का परीक्षा शुल्क किन्हीं कारणोंवश निर्धारित समयावधि में जमा नहीं किया है। ऐसे प्रशिक्षण संस्थानों को एक अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए प्रशिक्षण संस्थानों को **दिनांक 04.08.2026 से 10.08.2026** तक कार्यालय कार्य दिवस में अर्ह छात्र/छात्राओं का कुल परीक्षा शुल्क का डिमाण्ड ड्राफ्ट **"सचिव, उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ"** के पक्ष में देय, इस कार्यालय में स्वयं अथवा प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर जमा करा सकते हैं।

ऐसे सभी अभ्यर्थी जो परीक्षा हेतु अर्हता रखते हैं उनका परीक्षा शुल्क प्रशिक्षण संस्थान ससमय जमा कराया जाना सुनिश्चित करें। यदि किसी अर्ह अभ्यर्थी का परीक्षा शुल्क जमा न होने की दशा में परीक्षा से वंचित होने की शिकायत प्राप्त होती है, तो ऐसी दशा में संबंधित प्रशिक्षण संस्थान स्वयं जिम्मेदार होगा और कार्यालय द्वारा संबंधित प्रशिक्षण संस्थान के विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

अन्तिम तिथि दिनांक **10.08.2026** सायं **05:00** बजे के उपरान्त किसी भी दशा में परीक्षा शुल्क स्वीकार नहीं किया जायेगा।

भवदीय,

(डा0 अनुराग श्रीवास्तव)
सचिव।